आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 27.06.2025
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव पर लगी रोक हटाई। राज्य निर्वाचन आयोग पंचायत चुनाव का नया कार्यक्रम जल्द जारी करेगा।
- उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने नैनीताल में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, "अपने लक्ष्यों को संकीर्ण और आत्मकेंद्रित न बनाएं, बल्कि उन्हें समाज, मानवता और राष्ट्र के लिए सर्वोपरि रखें।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सौंग और जमरानी बांध परियोजना के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।
- खेल मंत्री रेखा आर्या ने देहरादून में 20वीं राष्ट्रीय शॉर्ट ट्रैक एंड फिगर स्केटिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव

उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव पर लगी रोक हटा दी है। न्यायालय ने राज्य निर्वाचन आयोग को पूर्व में जारी चुनाव कार्यक्रम को तीन दिन आगे बढ़ाते हुए नया चुनाव कार्यक्रम जारी करने के आदेश दिए हैं। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जी नरेंद्र और न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ ने आज राज्य के 12 जिलों में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में आरक्षण रोस्टर निर्धारण के विरुद्ध दायर याचिकाओं की सुनवाई की। सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने सरकार को याचिकाकर्ताओं द्वारा उठाये गए मुद्दों पर तीन सप्ताह के भीतर जवाब देने को कहा है। कोर्ट ने यह भी कहा कि अगर किसी प्रत्याशी को इसमें आपत्ति है तो वह कोर्ट में अपना पक्ष रख सकता है। उत्तराखंड उच्च न्यायालय के महाधिवक्ता एसएन बाबुलकर ने कहा कि सरकार याचिकाओं पर तय समय पर जवाब दाखिल करेगी।

पंचायती राज विभाग के सचिव चंद्रेश यादव ने कहा कि राज्य सरकार जुलाई में पंचायत चुनाव प्रक्रिया पूरी करने के लिए प्रतिबद्ध है और जल्द ही नया चुनाव कार्यक्रम जारी किया जाएगा।

गौरतलब है कि उच्च न्यायालय ने आरक्षण नियमावली का नोटिफिकेशन जारी नहीं होने पर 23 जून को पंचायत चुनावों पर रोक लगाई थी, जबकि राज्य निर्वाचन आयोग ने 21 जून को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की अधिसूचना जारी की थी।

उपराष्ट्रपति

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज नैनीताल में विद्यार्थियों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि "अपने लक्ष्यों को संकीर्ण और आत्मकेंद्रित न बनाएं, बल्कि उन्हें समाज, मानवता और राष्ट्र के लिए सर्वोपरि रखें।

अभिभावकों से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि "मातृत्व और पितृत्व न केवल बच्चों के प्रति बल्कि पूरी मानवता के प्रति सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि वे अपने बच्चों पर दबाव न डालें।

भारत की हालिया यात्रा और 'विकसित भारत' के लक्ष्य पर चर्चा करते हुए श्री धनखड़ ने कहा कि भारत एक उभरता हुआ राष्ट्र है। हम प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था हैं। भारत के लिए पिछला दशक विकास का दशक रहा है, प्रगति का दशक रहा है, वैश्विक परिप्रेक्ष्य में एक नया स्थान बनाने का दशक रहा है।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि देश की डिजिटल पहुंच और कनेक्टिविटी पूरी दुनिया में अनूठी है। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, ब्लॉकचेन, मशीन लर्निंग जैसे शब्दों का जिक्र करते हुए कहा कि ये तकनीकें अब स्कूल, कार्यस्थल और घर तक पहुंच गई हैं। इसके लिए युवाओं को समय के साथ बदलना होगा ताकि आप भारत के योग्य नागरिक बन सकें।

अतिक्रमण

प्रदेश सरकार ने सरकारी भूमि में अतिक्रमण न हो इसके लिए मजबूत मैकेनिज्म बनाने पर जोर दिया है। आज देहरादून में एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह ने सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण रोकने और अवैध बिक्री को रोकने के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर सिंचाई, लोक निर्माण, वन विभाग, राजस्व विभाग की टीम बनाकर अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान शुरू किया जाए। उन्होंने राज्य के मैदानी क्षेत्रों में अतिक्रमण के मामलों को देखने के लिए शासन स्तर पर एक नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाने के निर्देश प्रमुख सचिव को दिए। उन्होंने हरिद्वार में गंगा किनारे, रुद्रपुर में कल्याणी नदी किनारे और नैनीताल जिले में कोसी आदि नदियों के किनारों पर भी अवैध अतिक्रमण को रोकने के लिए सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

बांध परियोजना

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सौंग और जमरानी बांध परियोजना के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। आज देहरादून में सिंचाई और राजस्व विभाग की उच्च स्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि दोनों परियोजनाएं राज्य के विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। इन परियोजनाओं के निर्माण से न केवल हल्द्वानी और देहरादून शहर को पर्याप्त पेयजल मिलेगा बल्कि पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

श्री धामी ने अधिकारियों को दोनों बांधों के निर्माण में स्थानीय लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए उन्हें रोजगार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सरकार का कहना है कि जमरानी बांध परियोजना को 2028 और सौंग बांध परियोजना को 2030 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

हिमाद्री आइस रिंक

खेल मंत्री रेखा आर्या ने आज देहरादून स्थित महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स स्टेडियम के हिमाद्रि आइस रिंक में 20वीं राष्ट्रीय शॉर्ट ट्रैक एंड फिगर स्केटिंग चैंपियनशिप 2025 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर खेल मंत्री ने कहा कि देश में पहली बार आइस स्केटिंग की राष्ट्रीय प्रतियोगिता इंडोर स्टेडियम में आयोजित की जा रही है। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड को खेल भूमि बनाने की दिशा में यह एक और बड़ा कदम है।

श्रीमती आर्या ने कहा कि यह आइस रिंक देशभर के खिलाड़ियों के अभ्यास व ट्रेनिंग के लिए खुला है और सरकार चाहती है कि इस खेल अवस्थापना का फायदा उठाकर भारत के खिलाड़ी दुनिया भर में आइस गेम्स में देश का नाम रोशन करें।

इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में देश भर के 19 राज्यों की टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता का समापन 30 जून को होगा।

कांवड़ यात्रा

हरिद्वार जिले में कांवड़ यात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। प्रशासन ने इस वर्ष कांवड़ यात्रा में तेज आवाज वाले डीजे और बड़े वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने कहा कि कांवड़ मेले को सकुशल संपन्न कराने के लिए हरिद्वार में मेले की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पड़ोसी राज्यों के साथ समन्वय बैठक की गई है।

मौसम

मौसम विभाग ने प्रदेश में 1 जुलाई तक बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है। विभाग ने आज बागेश्वर में कहीं—कहीं बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जबकि देहरादून और नैनीताल में कहीं—कहीं येलो अलर्ट जारी किया गया है। साथ ही राज्य के अन्य हिस्सों में भी हल्की बारिश की संभावना व्यक्त की गयी है। यह स्थिति कल भी देखने को मिलेगी।

29 जून को राज्य के देहरादून, हरिद्वार, पौड़ी, टिहरी और बागेश्वर जिलों में कहीं—कहीं भारी से भारी बारिश के आसार हैं।

विभाग ने मौसम खराब होने की स्थिति में लोगों से अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी है। साथ ही मौसम खराब होने की स्थिति में सुरक्षित स्थानों पर रुकने का आग्रह किया है।

रुद्रप्रयाग जिले में कल रात भारी बारिश के कारण सोनप्रयाग शटल पुल और मुनकटिया के निकट अवरूद्ध मार्ग को पैदल आवागमन के लिए अस्थाई रूप से खोल दिया गया है।

पुलिस ने केदारनाथ धाम आने वाले श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे मौसम पूर्वानुमान की जानकारी लेकर और अतिरिक्त सावधानी बरतते हुए यात्रा पर आएं।

नए पावर—प्ले नियम

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद—आई.सी.सी. ने ट्वेंटी—ट्वेंटी मैचों के लिए नए पावर—प्ले नियमों की घोषणा की है। अगले महीने से प्रभावी होने वाले नए नियमों के अनुसार, बारिश, खराब रोशनी या अन्य कारणों से आठ ओवर तक के किए गए मैच में अब पावर—प्ले 2 ओवर और दो गेंद का होगा और 30 गज के घेरे के बाहर केवल दो खिलाडी मौजूद रह सकेंगे। इसी तरह, पांच ओवर की पारी के लिए डेढ़ ओवर पावर—प्ले के होंगे। 10 ओवर की पारी में तीन ओवर और 15 ओवर की पारी के लिए साढ़े चार ओवर पावर—प्ले के निर्धारित किए गए हैं।